आया ईवी का जमाना

जेब के लिए किफायती... शोरगुल बिल्कुल नहीं... और चंद सेकंडों में ही रफ्तार भरने की ताकत। इन खूबियों के साथ ही ये पर्यावरण के लिए भी अनुकूल हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं इलेक्ट्रिक वाहनों की, जिनका फीवर अब लखनऊ पर चढ़ने लगा है। राज्य सरकार ईवी पालिसी ले आई है तो लोग भी महंगे पेट्रोल और डीजल चलित वाहनों से छुटकारा पाने के लिए ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) अपना रहे हैं। लखनऊ की पसंद बन रहे इन वाहनों की झलक तो अब सरकारी आंकड़ों में भी दिख रही है। इस वर्ष 11 महीने में ही करीब 11 हजार इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण हो चुका है। सरकार भी गंभीर है। यही वजह है कि सिटी ट्रांसपोर्ट के कुनबे में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 100 के पार पहुंच गई है। इस वर्ष वाहनों के पंजीकरण पर नजर डालें तो इलेक्ट्रिक वाहनों ने डीजल को पीछे छोड़ दिया। आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक वाहन न केवल महंगाई की मार बरन प्रदूषण मुक्त राजधानी की परिकल्पना को भी साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

10,446
ईवी पंजीकृत हो चुकीं इस वर्ष अब तक

73,547
पेट्रोल वाहनों का पंजीकरण हुआ इस वर्ष

8,273
डीजल वाहन इस वर्ष लोगों ने खरीदे

10,446
इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई, यह डीजल से ज्यादा

25,382
ईवी वर्ष 2017 से 21 के बीच हुए पंजीकृत

140
इलेक्ट्रिक बसें हैं शहर में

40
बसें एक बार चार्जिंग में 80 किमी चलती हैं

100
बसें फुल चार्ज होने पर 120 किमी दौड़ती हैं

76,688
कुल इलेक्ट्रिक वाहन हैं पूरे प्रदेश में

ईवी पालिसी में छूट का प्रविधान

सरकार ने अक्टूबर में ही नई इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण और गतिशीलता नीति को मंजूरी दिया है। नीति में प्रदेश में बने ईवी की खरीद, पंजीकरण व रोड टैक्स आदि में बड़े पैमाने पर छूट का प्रविधान किया गया है। नीति से पहले ही इन वाहनों के प्रति दीवानगी दिखी।

पेट्रोल-डीजल व इलेक्ट्रिक वाहनों के पांच वर्ष के आंकड़े

वाहन	पेट्रोल	डीजल	इलेक्ट्रिक
बाइक-स्कूटर	463382	00	711
मोटर कार	95811	70532	52
बस	00	740	114
ई-रिक्शा	00	00	24050
तिपहिया आटो	00	00	455
कुल	559193	71272	25382

नोट: आंकड़े एक जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 तक के हैं।

11 महीनों में इस तरह हुआ पंजीकरण

वाहन	पेट्रोल	डीजल	इलेक्ट्रिक
बाइक-स्कूटर	55982	00	1274
मोटर कार	95811	17565	31
बस	00	74	40
ई-रिक्शा	00	00	8749
तिपहिया आटो	00	00	352

नोट: एक जनवरी 2022 से नवंबर 2022 तक के आंकड़े।

इलेक्ट्रिक बाइक-स्कूटर की सबसे ज्यादा मांग

ईवी का प्रकार	2017 से 2021	2022 जनवरी-नवंबर
बाइक-स्कूटर	711	1274
मोटर कार	52	31
बस	114	40
ई-रिक्शा	24050	8749
तिपहिया आटो	455	352

तैयार हो रहा प्लेटफार्म

- शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण बढ़ रहा है।
- आशियाना में चार्जिंग स्टेशन भी खोला गया है।
- इलेक्ट्रिक सिटी बसों के लिए दुबग्गा में स्टेशन बना है।
- अब चार्जिंग प्लेस तैयार करने के लिए कार्य हो रहा है।

इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग स्टेशन

दुबग्गा, राम-राम बैंक, विराजखंड गोमती नगर, राजाजीपुरम, पी फोर पार्किंग

नीति आयोग के निर्देश पर बेंगलुरु की संस्था शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग सुविधाएं मुहैया कराने पर मंथन कर रही है। अगले माह वह रिपोर्ट सौंपेगी। उसके बाद सभी सुविधाएं मिल सकेंगी।

-आरपी द्विवेदी, संभागीय परिवहन अधिकारी लखनऊ

इनपुट धर्मेश अवस्थी डिजाइन शहनवाज अली